नईदुनिया

सौ एकड़ भूमि पर विकसित होगा अनुसंधान केंद्र

उज्जैन में बनेगा डीप टेक रिसर्च एवं इनोवेशन पार्क, भोपाल में खुली विशेष प्रयोगशाला



ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला में 10 लाख वर्ष पुरानी पुरातात्विक सामग्रियों की आयु का हो सकेगा वैज्ञानिक निर्धारण

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन को विज्ञान और अनुसंधान के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए 100 एकड़ भूमि पर 237 करोड़ रुपये की लागत से डीप टेक रिसर्च एवं इनोवेशन पार्क बनाने की घोषणा की है।

इसमें आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विज्ञान भवन में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला एवं गैलरी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित पार्क में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष अध्ययन, भारतीय ज्ञान प्रणाली, कृषि प्रौद्योगिकी, जलवायु अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में शोध किया जाएगा।

आईआईटी इंदौर इसमें तकनीकी और अनुसंधान सहयोग प्रदान करेगा। यहां युवाओं को शोध, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के अवसर मिलेंगे। भोपाल में स्थापित प्रदेश की पहली डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला में 10 लाख वर्ष तक पुरानी पुरातात्विक सामग्रियों की आयु का वैज्ञानिक निर्धारण किया जा सकेगा। इस तकनीक से प्राचीन अवशेषों, मिट्टी के बर्तनों, भूस्तरों और सभ्यताओं के कालक्रम का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पुरातात्विक धरोहरों के वैज्ञानिक अध्ययन को नई दिशा मिलेगी।

क्वांटम तकनीक के लिए हुआ समझौता

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और धनुष क्वांटम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता हुआ। इसके माध्यम से क्वांटम कंप्यूटिंग, अनुसंधान, तकनीकी कौशल और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भोपाल को नॉलेज सिटी और उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के पुरातत्व और भारतीय सभ्यताओं के अध्ययन में योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, पुरातत्वविदों और शोधार्थियों ने भारतीय कालगणना तथा आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय पर विचार रखे।



राज्यपाल से मिले भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारी

नप्र, भोपाल : राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार को लोकभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संगठन का बैज लगाया और स्कार्फ पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट किया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त अशोक अर्गल, राज्य आयुक्त वयस्क संसाधन रणनीति डॉ. अशोक कुमार भार्गव, संयुक्त राज्य सचिव उषा यादव, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गजराज सिंह और सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) सुशील बिल्लौरे उपस्थित रहे।

विकास के रोडमैप पर होगा मंथन...

नीति चिंतन शिविर 2 दिसंबर को

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिमंडल की बैठक से पहले दी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी

2027 में दो बार होगी राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि प्रदेश में 2 दिसंबर को नीति चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा।

इसमें सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और कलेक्टर शामिल होंगे। शिविर में समृद्ध मध्यप्रदेश-2047 के दस्तावेज, सतत विकास लक्ष्यों, पिछले तीन वर्षों की उपलब्धियों और आगामी विकास रणनीति पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ने भोपाल के नाथू बरखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के पहले चरण के लोकार्पण पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 140 एकड़ में बन रहे इस परिसर में हॉकी, एथलेटिक्स सहित कई खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं दो बार आयोजित होंगी। इसके लिए परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया गया है।

ग्वालियर में टेलीकाम विनिर्माण क्षेत्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्वालियर में देश का पहला एकीकृत टेलीकाम विनिर्माण क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में 25 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। परियोजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

अन्य उपलब्धियों का भी किया उल्लेख

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 26.50 लाख से अधिक स्वामित्व रजिस्ट्रियां हो चुकी हैं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 7 से 11 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने गोंड चित्रकला को जीआई टैग मिलने, कूनो में चार चीता शावकों के जन्म और बेटियों के शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण को भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया।

जनगणना के दूसरे चरण की तैयारियों के लिए 25 को प्रशिक्षण

संभागायुक्त, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त होंगे शामिल

10 जनवरी से स्व-गणना और 25 जनवरी से घर-घर जाकर शुरू होगी जनगणना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर 25 नवंबर को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन सुबह 10:30 बजे आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। जनगणना के दूसरे चरण में 10 जनवरी 2027 से स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद 25 जनवरी से प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। सम्मेलन में निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने और मैदानी स्तर पर बेहतर संचालन के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश के संभागायुक्त, जिला कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला योजना अधिकारी और जनगणना कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल होंगे। दूरस्थ जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे।

पचमढ़ी से भी ठंडा रहा भोपाल, रात के तापमान में कुछ और कमी होने के आसार

रीवा- शहडोल में बने रह सकते हैं बादल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चक्रवाती तूफान अकवान का मध्य प्रदेश में कम दबाव के क्षेत्र के रूप में सक्रिय अवशेष समाप्त हो गया है। वर्तमान में अन्य कोई प्रभावी मौसम प्रणाली भी मौजूद नहीं है। हालांकि पूर्वी मध्य प्रदेश में काफी नमी बरकरार है। इसलिए वहां आंशिक बादल बने रह सकते हैं। शेष क्षेत्रों में रात में ठंड का प्रभाव कुछ और बढ़ सकता है।

उधर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात का सबसे कम 12.4 डिग्री सेल्सियस तापमान भोपाल में दर्ज किया गया। जो हिल स्टेशन पचमढ़ी के न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस से



भी 2.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। सोमवार को दिन का सबसे अधिक 30 डिग्री सेल्सियस तापमान नर्मदापुरम में रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रात के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान सोमवार सुबह साढ़े बजे तक शहडोल संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर, रीवा, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। शेष संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। रात का सबसे कम 12.4 डिग्री सेल्सियस तापमान भोपाल में दर्ज किया गया। जो हिल स्टेशन पचमढ़ी के न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस से भी 2.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। सोमवार को दिन का सबसे अधिक 30 डिग्री सेल्सियस तापमान नर्मदापुरम में रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि निचले स्तर पर हवा का रुख उत्तरी बना रहने से रात के तापमान में गिरावट हुई है।

शहडोल, रीवा, जबलपुर संभाग के जिलों में नमी मौजूद रहने के कारण अभी एक-दो दिन आंशिक बादल बने रह सकते हैं। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में उत्तर प्रदेश एवं उसके आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। दक्षिणी गुजरात एवं उससे लगे उत्तरी महाराष्ट्र पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। प्रभावी मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं रहने से अभी मौसम के मिजाज में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

विधानसभा में 26 को मनाया जाएगा संविधान दिवस उत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश विधानसभा में 26 नवंबर को 77वां संविधान दिवस उत्सव-2026 आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्षता करेंगे। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के अतिथि भी शामिल होंगे।

समारोह की शुरुआत सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके बाद संविधान गैलरी का उद्घाटन और अवलोकन किया जाएगा। गैलरी में संविधान सभा का समूह चित्र और संविधान निर्माण में मध्य प्रदेश के योगदान से जुड़े चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। सेंट्रल हॉल में संविधान आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर संविधान के प्रथम पृष्ठ पर अशोक स्तंभ का चित्र बनाने वाले दिवंगत चित्रकार दीनानाथ भार्गव के पुत्र का अभिनंदन होगा। मुख्य समारोह दोपहर 12 बजे समिति कक्ष क्रमांक-1 में होगा। विधानसभा अध्यक्ष संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराएंगे। इस दौरान विधानसभा की पत्रिका 'विधायिनी' के संविधान विशेषांक का विमोचन भी किया जाएगा।

बांधवगढ़ में सफारी के दौरान पर्यटकों को दिखा दुर्लभ पैंगोलिन

नप्र, भोपाल : बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान पर्यटकों को दुर्लभ पैंगोलिन दिखाई दिया। जंगल की झाड़ियों के बीच विचरण करते इस वन्यजीव को देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने इसकी पुष्टि की है। मैहर निवासी पर्यटक अंकुल त्रिपाठी सफारी के लिए बांधवगढ़ पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर झाड़ियों के बीच धीरे-धीरे चलते पैंगोलिन पर पड़ी। काफी समय बाद इस दुर्लभ वन्यजीव को प्राकृतिक रहवास में देखने का अवसर मिला। इसका दिखाई देना बांधवगढ़ की जैव-विविधता के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पैंगोलिन मुख्य रूप से दीमक और चींटियां खाता है। भोजन की तलाश में यह जमीन पर विचरण करता है। इसके शरीर पर पाए जाने वाले कठोर शल्क इसकी विशेष पहचान हैं, जो इसे सुरक्षा प्रदान करते हैं। खतरा महसूस होने पर यह अपने शरीर को गेंद के आकार में समेट लेता है।

स्वस्थ भारत के निर्माण में फार्मासिस्टों की भूमिका अहम् : राजेन्द्र शुक्ल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में फार्मासिस्टों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। फार्मेसी केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मानव सेवा का माध्यम है। फार्मासिस्ट सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ लोगों को उनके उचित उपयोग के प्रति जागरूक भी करते हैं।

वे सोमवार को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह-2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती पर चिंता जताते हुए कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक और अनुचित उपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन सकता है। इससे रोगाणुओं में दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है और सामान्य संक्रमणों का उपचार भी कठिन हो सकता है।

उन्होंने फार्मासिस्टों से बिना चिकित्सकीय पर्चे के एंटीबायोटिक और अन्य निर्धारित दवाएं नहीं देने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही मरीजों को दवाओं की सही खुराक और सेवन की अवधि की जानकारी देने पर जोर दिया।

फार्मेसी काउंसिल के नए भवन का आश्वासनः श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश राज्य फार्मेसी काउंसिल के नवीन भवन निर्माण के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए प्रयास किए जाएंगे।

इग्नू की दिसंबर सत्रांत परीक्षाएं 25 नवंबर से

नप्र, भोपाल : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर 2026 सत्रांत परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू होकर 14 जनवरी 2027 तक आयोजित होंगी। परीक्षाएं स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रमाणपत्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 1 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। इग्नू भोपाल के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि भोपाल क्षेत्र के 16 परीक्षा केंद्रों पर करीब 5114 विद्यार्थी 262 कार्यक्रमों के अंतर्गत 1538 से अधिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं देंगे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर सहित विभिन्न शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

50 करोड़ की ठगी: आरोपी दंपती की रिमांड दो दिन बढ़ी

पुलिस ने मांगी थी तीन दिन की अतिरिक्त रिमांड

अदालत ने 25 नवंबर तक पूछताछ की दी अनुमति; बैंक कर्मचारियों से भी होगी पूछताछ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः करीब 50 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में गिरफ्तार आरोपी दंपती की पुलिस रिमांड दो दिन बढ़ा दी गई है। सोमवार को तीन दिन की रिमांड पूरी होने पर पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन दिन की अतिरिक्त रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने दो दिन की मंजूरी दी। अब दोनों आरोपी 25 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर रहेंगे।

ठगी की रकम का पता लगाएगी पुलिस

पुलिस इस दौरान आरोपियों से ठगी के पूरे नेटवर्क, पैसों के लेनदेन और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करेगी। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि पहले तीन दिन की पूछताछ में कई पहलुओं पर जानकारी जुटाई गई है। अब ठगी की रकम किन माध्यमों से जुटाई गई और कहां-कहां हस्तांतरित की गई, इसकी पड़ताल की जाएगी।

बैंक खातों की भी जांच

जांच में अब बैंकिंग लेनदेन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस संबंधित बैंक खातों का रिकॉर्ड खंगालेगी और ठगी की रकम के हस्तांतरण की जानकारी जुटाएगी। इस मामले में बैंक कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी।

अन्य आरोपियों की तलाश

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दंपती के अलावा इस ठगी में और कौन लोग शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी का बैंक खातों के रिकॉर्ड से मिलान कर पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच की जाएगी।

मंत्रिमंडल के फैसलों से प्रदेश के विकास को मिलेगी गति : बरुआ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ ने सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सात हजार करोड़ रुपये से अधिक के निर्णय प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण को नई गति देंगे। बरुआ ने कहा कि गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना से देशी गोवंश की नस्लों का संरक्षण होगा और गोपालकों को प्रोत्साहन मिलेगा। योजना के तहत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वालों को एक लाख, 50 हजार और 25 हजार रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नौ कमजोर जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों को 325 करोड़ रुपये की अंशपूंजी सहायता देने से किसानों और सहकारी संस्थाओं को लाभ मिलेगा। इसके अलावा 193 करोड़ 72 लाख रुपये से 1834 बसाहटों के 46,574 घरों और 54 शासकीय संस्थानों का विद्युतीकरण किया जाएगा। बरुआ ने कहा कि ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में अद्वैत लोक निर्माण के लिए 2278 करोड़ 99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को विश्व स्तर पर स्थापित करेगी। वहीं, सामान्य प्रशासन विभाग की 23 योजनाओं के लिए 3059 करोड़ सात लाख रुपये और अनुदान योजना के लिए 1165 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

सिवनी-छिंदवाड़ा में तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी अतिरिक्त सिंचाई सुविधा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सिवनी और छिंदवाड़ा जिले में वेनगंगा कछार के अंतर्गत निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने से करीब तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को मंत्रालय में इन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में पेंच व्यपवर्तन परियोजना की नहरों, छिंदवाड़ा सिंचाई परियोजना, पेंच माइक्रो-1 और माइक्रो-2, शेर सिंचाई परियोजना तथा मछरेवा एवं मांडवा सूक्ष्म सिंचाई



परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्माण कार्यों में आने वाली बाधाओं का प्राथमिकता से निराकरण करने और विभिन्न घटकों के बीच बेहतर समन्वय बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में देरी से किसानों को मिलने वाला लाभ प्रभावित होता है। इसलिए निर्माण की नियमित निगरानी और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री ने नहरों के रखरखाव और जल वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध जल का समुचित उपयोग हो और सिंचाई का लाभ अंतिम छोर तक स्थित किसानों को भी मिले।

बैठक

मुख्यमंत्री ने 2027 के अंत तक सभी निर्माण कार्य पूरे करने के दिए निर्देश...

सिंहस्थ की तैयारियों को रफ्तार, 2801 करोड़ के 33 कार्यों को मंजूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सिंहस्थ-2028 को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित सिंहस्थ के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति की सातवीं बैठक में 2801.75 करोड़ रुपये की लागत के 33 प्रस्तावित कार्यों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माणाधीन और स्वीकृत कार्य हर हाल में वर्ष 2027 के अंत तक पूरे कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। क्षिप्रा नदी के सभी



घाटों तक पहुंचने के लिए पक्के रास्ते बनाए जाएं। तैयारियों की समीक्षा के लिए अब हर महीने मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक आयोजित होगी। इस बार सिंहस्थ क्लीन एंड ग्रीन थीम पर आयोजित किया जाएगा।

मंजूर कार्यों में बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, अग्निशमन, यातायात, आवास और सुरक्षा व्यवस्था शामिल हैं। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 387.99 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसके तहत पांच अस्थायी बिजली उपकेंद्र, 45 किलोमीटर 33 केवी लाइन और 200 किलोमीटर 11 केवी लाइन बिछाने सहित अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी।

स्वच्छता के लिए 393.53 करोड़ रुपये से शौचालय, स्नानघर और मूत्रालय बनाए जाएंगे। करीब 2584 हेक्टेयर मेला क्षेत्र में 8169 स्वच्छता सेट प्रस्तावित हैं। सफाई और कचरा प्रबंधन के लिए 153.73 करोड़ रुपये की योजना है। प्रमुख स्नान के दिनों में प्रतिदिन करीब 2500 टन कचरा निकलने का अनुमान है। इसके लिए 13 हजार सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 27.78 करोड़ और अग्निशमन व्यवस्था के लिए 18.23 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। सड़क, पार्किंग और परिवहन सुविधाओं का भी विस्तार होगा। सुरक्षा के लिए आधुनिक उपकरण, वाहन, ड्रोन निगरानी और एंटी-ड्रोन तकनीक अपनाने की योजना है। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित मंत्रिगण और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com